# <u>माननीय मुख्य अतिथि स्वागत एवं संक्षिप्त परिचय</u>

राजकीय आदर्श महाविद्यालय सराहाँ के लिए अत्यन्त गौरव का विषय है कि आज हमारे महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में **माननीय अध्यक्ष कृषि विपणन बोर्ड श्री बलदेब भंडारी जी** ने मुख्य अतिथि का पद सहजता से स्वीकार कर हमें अनुगृहीत किया है ।

मैं तहे दिल से मुख्य अतिथि महोदय का हार्दिक अभिनन्दन करता हूॅं। हमें प्रसन्नता है कि हमारे निमन्त्रण पर सराहाँ के गणमान्य नागरिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करने के लिए अपना कीमती समय निकालकर हमारे मध्य उपस्थित हुए है। इसी क्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का ह्रदय से अभिनन्दन करता हूं।

माननीय बलदेव भण्डारी जी का जन्म 12 दिसम्बर 1954 को हुआ । 1985 में पहली बार ग्राम पंचायत प्रधान निर्वाचित हुए । इसके पश्चात 1990 में दूसरी बार तथा सन 2000 में तीसरी बार ग्राम पंचायत कें प्रधान निर्वाचित हुए ।

माननीय बलदेव भण्डारी, 2010 व 2015 में भी लगातार दो बार ग्राम पंचायत प्रधान पुनः निर्वाचित हुए ।

1995 व 2005 में BDC सदस्य निर्वाचित हुए । इसके अतिरिक्त वे भाजपा के विभिन्न पदों पर आसीन रहे । 1996 से लेकर 4 बार मण्डल अध्यक्ष भाजपा, जिला महामंत्री, जिला अध्यक्ष, भाजपा, प्रदेश सचिव , राष्ट्रीय किसान मोर्चा, कोषाध्यक्ष व 15 वर्षों तक मिल्क फेडरेशन के निर्देशक पद पर रहे ।

वर्तमान में माननीय बलदेव भण्डारी जी हि. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष व राज्य सहकारी बैंक सिरमौर के निर्वाचित निर्देशक के पद पर आसीन है ।

एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ माननीय बलदेव भण्डारी सफल उद्योगपति भी हैं । उन्होने 1985 में कत्था, 2012 में मशरुम, 2016 में तारपीन उद्योग स्थपित किए । जिससे आस–पास के क्षेत्र के लोग लाभान्वित हुए है तथा स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए हैं ।

## <u>छात्रवृति</u>

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में योग्य विद्यार्थियों के लिए कई छात्रवृतियां उपलब्ध हैं । इसमें ँ६ϵै ज छात्रों–छात्राओं के लिए छात्रवृति, व्ठ६ विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति, कल्पना चावला छात्रवृति योजना तथा विभिन्न प्रकार की राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृतियों से महाविद्यालय के विद्यायर्थी लाभान्वित हुए हैं ।

वर्तमान सत्र में भी विद्यार्थियों ने लगभग 3 लाख की छात्रवृति के लिए आवेदन किया है ।

# महाविद्यालय परिचय

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ का शुभारंभ 12 जून, 2014 को हुआ। इस की परिकल्पना पच्छाद क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं की शैक्षिणक आवश्यकताओं को पूर्ण करने के उद्देश्य से की गई । इस महाविद्यालय के विद्यार्थी, परिश्रमी, अनुशासनप्रिय और सरल है। महाविद्यालय का शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग निष्ठावान व परिश्रमी है, वह हमेशा विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए तत्पर रहते है। 2014 से स्थापित महाविद्यालय अब अपने नए भवन मुख्य नगर सराहाँ से लगभग 02 कि. मी. की दूरी पर टिक्कर गॉव के समीप स्थानांतरित हुआ है।

महाविद्यालय में दो खण्ड है– प्रशासनिक खण्ड व शैक्षणिक खण्ड। प्रशासनिक खण्ड में प्राचार्य कार्यालय , अधीक्षक कार्यालय , पुस्तकालय स्टाफ व कांन्फ्रेंस कक्ष हैं। शैक्षणिक खण्ड में विद्यार्थियों के लिए कक्षा –शिक्षण की व्यवस्था है।

वर्तमान सत्र में स्नातक कक्षाओं में कुल 427 विद्यार्थी अध्ययनरत है, जिसमें 153 छात्र व 274 छात्राएं है। सिरमौर जिले में अन्य नए महाविद्यालयों की शुरूआत के वावजूद इस महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है इन आँकड़ो से स्पष्ट हो जाता है कि क्षेत्र की छात्राएं जो इस संस्थान के खुलने से पहले शिक्षा से वंचित थी, अब उन्हें शिक्षा ग्रहण करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है तथा वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए सशक्त रूप से विकसित हो रही है ।

# हमारी दृष्टि

हमारी दृष्टि जीवन की गुणवता में सुधार के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन में योगदान देने वाले मानवीय चेहरे के साथ अकादमिक उत्कृष्टता के लिए समर्पित प्रतिष्ठा का एक शैक्षणिक संस्थान बनाना हैं।

# हमारा लक्ष्य

हमारा लक्ष्य मानवता के साथ अकादमिक शिक्षा के माध्यम से दक्षताओं से संपन्न शिक्षार्थियों को विकसित करना है। हम अपने विद्यार्थियों को इस तरह से तैयार करने का प्रयास करते है कि जुनून और परिपक्वता के साथ ही निकट भविष्य में पेश आने वाली सामाजिक चुनौतियों के प्रति भी आत्म विश्वास के साथ संबद्ध रहे। हमारे विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रो में नेतृत्व की भूमिका निभाने में भी समक्ष रहे।

# महाविद्यालय का शिक्षक व गैर - शिक्षक वर्ग

शिक्षक व गैर – शिक्षक कर्मचारी वर्ग महाविद्यालय के महत्वपूर्ण स्तम्भ होते है, दोनो के समान संचलन पर किसी भी शिक्षण संस्थान का विकास निर्भर करता है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस महाविद्यालय में कला तथा वाणिज्य संकायों के संचालन के लिए कुल 20 पद स्वीकृत है। इसमें 9 शिक्षक व 11 गैर शिक्षक वर्ग है। कला संकाय में प्रो. जगमोहन भूगोल विषय में, डा. उतमा पाण्डे अंग्रेजी विषय में, डा. सुद्यान नेगी समाजशास्त्र विषय में, प्रो. दिनेश राजनितिक शास्त्र विषय में, प्रो. मस्त राम वाणिज्य विषय में, प्रो. सन्दीप इतिहास विषय में, प्रो. मनोज हिन्दी विषय में व डा. विजेश पाण्डे संगीत विषय (वाद्य) में कार्यरत है।

कार्यालय अधीक्षक श्री सुखदेव महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। कार्यालय वरिष्ठ सहायक श्री आशीष गौतम, कनिष्ठ कार्यालय सहायक ( सूचना प्रौद्यौगिकी) श्री राहुल भी महाविद्यालय की प्रगति में विशेष भूमिका निभा रहे है। श्रीमती श्यामा देवी, श्री रतन लाल, श्रीमती शान्ती देवी, श्री सुरेन्दर दत, श्री दीपक चतुर्थ श्रेणी में कार्यरत हैं।

महाविद्यालय में 20 स्वीकृत पदो में 04 पद रिक्त है। इन पदों में एक पद वाणिज्य विभाग, एक पद पुस्तकालयाध्यक्ष, एक पद तबला बादक व एक पद कनिष्ठ कार्यालय सहायक ( सूचना प्रौद्यौगिकी) का रिक्त है।

## स्थानांतरण/ नियुक्ति/सेवानिवृत

इस सत्र में श्रीमती रीतु सहायक आचार्य (वाणिज्य) का स्थानांतरण राजकीय महाविद्यालय रामशहर में हुआ । राजनिति शास्त्र के सहायक आचार्य श्री अजय सिह राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह स्थानान्तरित हुए तथा उनके स्थान पर श्री दिनेश कुमार ने कार्यभार संभाला है।

## गृह परीक्षा

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के सह–प्राध्यापक श्री जगमोहन, श्री मस्त राम, डा. उतमा पाण्डे, डा. सुद्ययान नेगी, श्री दिनेश कुमार ,श्री मनोज कुमार, श्री विजेश पाण्डे एवं कनिष्ठ कार्यालय सहायक ( सूचना प्रौद्यौगिकी) के सहयोग से गृह परीक्षाओं को संम्पन्न किया गया। इनमें विद्यार्थियों की सहभागिता लगभग शत–प्रतिशत रही।

## अभिभावक-शिक्षक संघ

शैक्षणिक सत्र 2021–2022 के निर्बाध संचालन हेतू प्राचार्य श्री हेमंत कुमार जी के संरक्षण में अभिभावक – शिक्षक संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सदस्यों का चुनाव किया गया। श्री राजेभा जिंदल को अध्यक्ष, श्री राजेश चौहान को उपाध्यक्ष , डा. सुद्यान नेगी को सचिव, श्री भूपेन्दर प्रकाश गौतम को मुख्य सलाहकार , श्री सुरेश कुमार सलाहकार , श्री सुखदेव जी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

## पुस्तकालय

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान का सबसे महत्वपूर्ण ज्ञान का केन्द्र होता है। पुस्तकों का महत्व कभी भी कम नहीं होता। वर्तमान में पुस्तकालय अध्यक्ष का पद रिक्त है किन्तु यह दायित्व श्री आषीश गौतम, कार्यालय वरिष्ठ सहायक द्वारा कुशलतापूर्वक निभाया जा रहा है। पुस्तकालय में कला व वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए बहुमूल्य पुस्तकों को रखा गया है जिसे पढ़कर विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्दि कर रहे हैं।

## इको क्लब

महाविद्यालय में इको क्लब का गठन भी किया गया है, जिसका कार्यभार सहायक प्राध्यापक श्री सुद्ययान नेगी के निर्देशन में चल रहा है। इको क्लब समय–समय पर अनेक गतिविधियों का संचालन

करता है। स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय के छात्रों को स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य यह क्लब करता है।

## भारत स्काऊट एण्ड गाइड

महाविद्यालय में भारत स्काऊट एण्ड गाइड इकाई श्री दिनेश कुमार के कुशल निर्देशन में कार्य कर रहा है। इस इकाई में 24 छात्राएं (रैन्जर्स) व 24 छात्र(रोवर्स) नामांकित है।

## रेड रिबन क्लब

महाविद्यालय में रेड रिबन इकाई नोडल अधिकारी श्री मनोज कुमार के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। रेड रिबन इकाई के सौजन्य से **'एड्स'** दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर डॉ. सन्दीप शर्मा ने एड्स जैसी गम्भीर बीमारी पर विद्यार्थियों को विस्तृत व ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। इस महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने स्थानीय लोगों को जागरूक करने हेतू एक विशाल रैली का भी आयोजन किया। इसके अन्तर्गत नारा लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## रोड़ सेफ्टी क्लब

महाविद्यालय में 14 दिसम्बर का रोड़ सेफ्टी क्लब का गठन किया गया। सहायक आचार्य मस्त राम को रोड़ सेफ्टी क्लब का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

## एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना)

महाविद्यालय में एन.एस.एस. ईकाई श्री सन्दीप कुमार की देख–रेख में छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में उत्कृष्ट भूमिका निभा रही है। इस सत्र के दौरान इकाई ने सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के दौरान 26 स्वयसेवकों ने भाग लिया जिसमें 15 छात्राएं व 11 छात्र थे। प्रतिदिन अलग–अलग वक्ताओं ने शिविर में भाग ले रहे छात्रों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की।

## महाविद्यालय की महत्वपूर्ण गतिविधियां

21 फरवरी 2021ः ऑनलाइन माध्यम से एन. एस. एस. के स्वयंसेवियों द्वारा अपने –अपने गॉव और आस–पास के इलाकों में मास्क लगाने और कोविड 19 से संबंधित जागरूक करने का कार्य किया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवियों द्वारा अपने स्तर पर गॉव में जाकर मुफ्त मास्क आंवटित किए गए।

17 फरवरी, 2021ः एन. एस. एस. के स्वयंसवियों द्वारा रोड सेफ्टी सप्ताह के तहत लोगो को जागरूक किया गया। इस वर्ष **"युवाओं के द्वारा बदलाव"** थीम के तहत युवाओं को यातायात नियमों के बारे जागरूक करवाया गया।

19 फरवरी 2021 ः एन. एस. एस. इकाई द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम

आयोजन किया गया। जिसमें एकल नृत्य, एकल गायन , कविता, पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन जैसी प्रतियोगिताओं में स्वयं सेवियों द्वारा बढ़– चढ़ कर भाग लिया।

1 मार्च 2021ः एन. एस. एस. इकाई द्वारा एक दिवसीय सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्रांगण एवं खेल के मैदान से खरपतवार साफ किया गया। महाविद्यालय के आस–पास प्लास्टिक एकत्र किया गया तथा लोगों को प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई।

8 मार्च 2021 : एन. एस. एस. इकाई द्वारा अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं ( भाषण, नारा लेखन, कविता और पोस्टर मेकिंग आयोजित करवाई गई।

10 मई 2021ः एन. एस. एस. के स्वयंसेवियो ने हिमाचल सरकार द्वारा कोरोना महामारी के विरूद्ध लोगो को जागरूक करने के लिए चलाए गए अभियान CORONA AWARE MISSION के तहत लोगो को जागरूक करने मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित की तथा पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया व मुफ्त में मास्क वितरित किए गए।

5 जून 2021 : विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से नारा लेखन, पोस्टर मेंकिग, भाषण प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया गया।

9 से 13 अगस्त 2021 : राज्य सरकार के कार्यक्रम स्वच्छता पखवाडा के अर्न्तगत महाविद्यालय की एन. एस. एस. इकाई द्वारा विभिन्न गतिविधियों का क्रमवार (9 अगस्त 2021 को भाषण प्रतियोगिता, 10 अगस्त 2021 को पोस्टर मेकिंग, 11 अगस्त 2021 को कविता और 12 अगस्त 2021 निबंधं लेखन) का आयोजन किया गया। 13 अगस्त 2021 को सराहँा बाजार में सफाई अभियान व साथ ही एक जागरूकता रैली निकाली गई। अंत में प्रो. संदीप द्वारा इन सभी गतिविधियों का संक्षिप्त ब्योरा उप मण्डलाधिकारी ( ना.) सराहॅा को दिया गया।

14 अगस्त 2021ः को महाविद्यालय की एन. एस. एस. इकाई द्वारा विभिन्न विभागों के साथ (कार्यालय उप मण्डलाधिकारी ( ना. ) सराहॅा, तहसील कार्यालय , खडं विकास अधिकारी , ग्राम पंचायत प्रधान के साथ मिलकर पूरे सराहँा में सफाई अभियान चलाया गया व लोगो को प्लास्टिक से पर्यावरण को हाने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करवाया एवं साथ ही प्लास्टिक के स्थान पर बायो प्रोडक्ट के प्रयोग की सलाह दी।

14 अगस्त 2021ः राजकीय महाविद्यालय सराहॅा की एन. एस. एस. इकाई द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले हिमाचल प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर प्रकाश डालने और विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए एक वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में प्रमुख वक्ता के रूप में सहायक आचार्य प्रो. अजय सिहं उपस्थित रहे जिन्होने हिमाचल प्रदेश की स्वतंत्रता संग्राम में हुई प्रमुख घटनाओं जैसे धामी गोलीकाडं, सुकेत सत्याग्रह और पझौता आंदोलन पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

25 सितंबर–2021ः एन. एस. एस. इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने का कार्यभार एन. एस. प्रभारी श्री सन्दीप कुमार कनिष्क के पास था। इस शिविर में सराहाँ बाजार और आस पास के विभिन्न क्षेत्रो, सरस्वती ताल , ( चमोडा.) बावड़ी , महाविद्यालय प्रागंण, टिक्कर गॉव इत्यादि जगहों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के नए भवन के आस पास पौधा रोपण किया गया। इस शिविर में बहेतर प्रर्दशन करने पर विशाल शर्मा और जयवंती कश्यप को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

20 अक्टूबर 2021ः एन.एस.एस. इकाई और नेहरू युवा केंद्र नाहन के संयुक्त तत्वाधान के द्वारा पूरे सराहाँ बाजार, बी. डी. ओ. कलोनी और एस. वी. एन. कलोनी में सफाई अभियान चलाया गया और लोगों को प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले दुष्परिणाम व साथ ही एक विशाल रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

6 दिसंबर 2021ः एन. एस. एस. इकाई और नेहरू युवा केंद्र नाहन के संयुक्त प्रयासों से 6 दिसम्बर 2021 को महाविद्यालय में विद्याथियों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का प्रमुख विषय “Clean Village – Green Village था जिसमें नेहरू युवा केंद्र से आए श्री अनिल डोगरा जी और अन्य वक्ताओं ने अपने विचार साझां किए।

11 दिसंबर 2021ः महाविद्यालय सराहाँ में आयाजित हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन करने और अनुशासन बनाए रखने में एन. एस. एस. स्वयंसेवियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथ ही स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर 18 मेडल प्राप्त किए जो की इस इकाई के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

26 जनवरी से 4 मार्च 2022ः महाविद्यालय सराहाँ की एन. एस. एस. इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 26 स्वयंसेवियों ने भाग लिया और सराहाँ क्षेत्र में स्वच्छता कार्य किया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय केम्पस (26 फरवरी), सरस्वती ताल की सफाई (27 फरवरी), सराहाँ बाजार की सफाई( 28 फरवरी), सरस्वती ताल के पानी से घास और कूड़ा निकालना, ( 1 मार्च स्थानीय शिव मंदिर में) सामाजिक सेवा कार्य (2 फरवरी) , महाविद्यालय प्रांगण के मलबे को साफ करने (3 फरवरी) का कार्य किया। 4 मार्च को 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रायार्य महोदय श्री हेंमत कुमार ने शिरकत की। इस मौके पर उन्होने स्वयंसेवियो को जीवन में आगे बढने का मंत्र व अपना आशीर्वाद दिया। इस शिविर में रितिक शर्मा और अंजली को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी चुना गया।

8 मार्च 2022 ः महाविद्यालय की एन. एस. एस. इकाई ( प्रो. संदीप कुमार कनिष्क) और रोवर रेंजर इकाई( प्रो. दिनेश कुमार) के संयुक्त तत्वाधान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री हेमंत कुमार और विशिष्ट अतिथि डॉ. उत्तमा पांडे रहे।

12 जून 2021 एन. एस. एस. इकाई द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमें ( बाल मजदूरी) की समस्या पर महाविद्यालय के सहायक प्रोफसर श्री अजय सिहं द्वारा विद्यार्थियों को महत्वपर्ण जानकारी प्रदान की गई।

11 जूलाई 2021 : महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई और एन. एस. एस. इकाई द्वारा 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण प्रतियोगिता , नारा लेखन और पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य महोदय श्री हेमतं कुमार एवं मुख्य वक्ता सहायक आचार्य श्री अजय सिहं उपस्थित थे।

14 जून 2021: योग दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय की एन. एस.एस. इकाई द्वारा 7 दिवसीय ऑनलाइन विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर के दौरान योगाचार्य श्री पंकज कुमार ने पूरे सप्ताह विद्याथियों और प्राध्यापको को योग से होने वाले लाभ के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सॉझा की । योग शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को दस्तावेज भी आंवटित किए गए।

21 जूलाई 2021: पच्छाद तहसील के अन्तर्गत आने वाली बागपशोग पंचायत के कवागधार क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय सराहाँ की एन. एस. एस. इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा उपमंडलाधिकारी सराहाँ के संयुक्त तत्वधान में पौधारोपण का कार्य किया गया।

19 मई से 28 मई तक Faculty Student & Interaction कार्यक्रम के अन्तर्गत दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापको ने विभिन्न विषय पर व्याख्यान दिए।

21 जून को कैरियर गाइडेंस सेल के द्वारा महाविद्यालय में “Career Option in Education For Graduates” के विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. रेना भाटिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही।

3 जून 2021 को डा. उत्तमा पांडे के मार्गदर्शन में एक दिवसीय वेबीनार आयोजित हुआ । इस वेबीनार का मुख्य विषय “Expending the horizons - quest for Excellence on the potential pitfalls in learning a language” था । इस वेबीनार में भूतपूर्व प्राचार्य प्रो. प्रवीन कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

3 जून 2021 को डा.सुघयान सिहं नेगी के नेतृत्व में “On Modernization and tradition Dynamics in India” के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में डा. वी.पी. बडोला ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया । 12 सितंबर 2021 को भाषा एवं सस्कृति पखवाडे. के उपलक्ष में गेयटी थियेटर शिमला में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । निबंध प्रतियोगिता , भाषण प्रतियोगिता , काव्य प्रतियोगिता में महाविद्यालय की तीन छात्राओं, मृणाल अत्री, अंजली व आंचल ने भाग लिया ।

25 अक्टूबर 2021 को आाजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत राजकीय महाविद्यालय पझौता में अन्तर्महाविद्यालय युवा महोत्सव में महाविद्यालय की छात्रा अंजली, पूनम, मृणाल और जयवन्ती ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। काव्य प्रतियोगिता में हिमांशी ने द्वितीय और भाषण प्रतियोगिता में मृणाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय पझौता में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की 4 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता में अंजली और सविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

29 अक्टूबर 2021 को आजादी के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत वाणिज्य विभाग के तत्वधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें नारा लेखन, भाषण , प्रभनोत्तरी, काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री मस्त राम जी के कुशल संचालन में हुआ।

28 सितम्बर 2021 को हिन्दी पखवाडे. का समापन समारोह सम्पंन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया, जैसे भाषण , प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ ,नारा लेखन इत्यादि। इस कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार सहायक आचार्य (हिन्दी) द्वारा किया गया।

## प्राध्यापको की व्यक्तिगत व शैक्षिक उपलब्धियां

प्रो. जगमोहन ने राजकीय महाविद्यालय सराहाँ द्वारा आयोजित दस दिवसीय कार्यशाला में "Relevance of Position in Geography" विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

डा. उतमा पांडे ( सह आचार्य अंग्रेजी) ने निम्न उपलब्धियां अर्जित की।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता की।

डा. उतमा पांडे द्वारा राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय नाहन में आयोजित नई शिक्षा नीति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

डा. सुद्ययान नेगी ने अंतराष्ट्रीय बहुविषयक कार्यशाला में भाग लिया जिसका आयोजन 18 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2020 को हुआ।

अ Social Inequality and Caste Structure of Kinnaura Tribe" in Sociology of Marginalized Communities के विषय पर आलेख संम्पादित पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

अ अंतराष्ट्रीय बहुविषयक कार्यभाला में जिसका आयोजन 25 से 27 दिसम्बर 2020 को हुआ उस संगोष्ठी में Religion study of Kinnaura Tribe के विषय पर भोध आलेख प्रस्तुत किया।

अ ICSSR पंजाब विश्वविद्यालय और राजकीय महाविद्यालय संजौली के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में Kinnaura Tribe Today and yesterday : Economic Empowerment विषय पर शोध आलेख प्रस्तुत किया। UGC. HRDC GNDU अमृतसर विश्वविद्यालय से 27.01.2021 से 09.02.2021 तक रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया।

श्री दिनेश कुमार प्राध्यापक राजनितिक शास्त्र ने दिनांक 21.12.2021 को राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में भारत स्काउट एवं गाइड के माध्यम से आयोजित एक दिवसीय State Level Beginner Course में भाग लिया।

प्रो. मस्त राम ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुफ्त विश्वविद्यालय दिल्ली से Post Graduate Diploma in Higher Education को सफलता से नम्बर 2021 को पूरा किया।

रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षण अध्ययन केन्द्र से संकाय संवर्धन कार्यक्रम Digital Humanity के विषय पर सहभागिता की ।

प्रो. मस्तराम ने दिल्ली रामानुजन महाविद्यालय के शिक्षण अध्ययन केन्द्र से 20 फरवरी से 6 मार्च 2022 को आयोजित रिफ्रेशर कोर्स भाग लिया ।

प्रो0 सन्दीप कुमार ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के मानव संसाधन केन्द्र से दिनांक 18 जनवरी से 16 फरवरी तक Orientation कोर्स पूरा किया ।

प्रो. सन्दीप कुमार ने राजकीय महाविद्यालय में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 7 दिवसीय शिविर के आयोजन व संचालन किया गया।

प्रो. ब्रिजेश पांडे ने रामानुजन महाविद्यालय दिल्ली विभवविद्यालय के शिक्षण अध्ययन केन्द्र से Orientation कोर्स को सफलतापूक पूरा किया।

सहायक आचार्य हिन्दी मनोज कुमार ने निम्न उपलब्धियां अर्जित की

सुराना महाविद्यालय और होयसाला बलवाना कैलिफोनियां अमेरिका के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता की और कुमार कृष्ण की ग्रामीण संवेदना पर शोध आलेख प्रस्तुत किया।

हिन्दी विभाग जानकी देवी मेमोरियल कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय संगोषठी जिसका आयोजन 30 व 31 अक्तूबर 2021 को हुआ में सहभागिता की और समकालीन रचनाएं एवं रचनाकार पर शोध आलेख प्रस्तुत किया।

महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य मुंबई एवं श्री सावला महाविद्यालय फुलब्री और औरगांबाद हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय ई– संगोश्ठी में भाग लिया और हिन्दी कविता में राष्ट्रीयता पर अपना शोध आलेख प्रस्तुत किया।

अटल विहारी बाजपेयी हिन्दी विश्विद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तराष्ट्रीय ई– संगोश्ठी जिसका आयोजन 24 व 25 फरवरी 2022 को हुआ भाग लिया एवं भारतेन्दु के काव्य में राष्ट्रीयता विषय पर शोध आलेख प्रस्तुत किया।

हिन्दी साहित्य में राष्ट्रीय स्वर ISBN -978-93-91602-76-5 पुस्तक में भारतेन्दु के साहित्य में राष्ट्रीयता के विषय पर शोध आलेख प्रकाशित हुआ।

समकालीन हिन्दी कविता ISBN -978-93-91602-53-6 पुस्तक में कुमार कृष्ण के काव्य में ग्रामीण बोध पर शोध आलेख प्रकाभित हुआ।

ISBN -978-93-54-93-463-6 पुस्तक ग्रामीण संवेदना विषय पर शोध आलेख प्रकाशित हुआ।

रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय एवं शिक्षण मिशन केन्द्र से 20 नम्बर 2021 द्विसाप्ताहिक आनलाइन पुनश्रय कार्यक्रम में हिन्दी भाषा और साहित्य विषय में भाग लिया।

शहीद उधम सिहं राजकीय महाविद्यालय मतक मंजरी करनाल हरियाणा द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय कार्यशाला Career Awarenes में भाग लिया।

श्री शंकर लाल सुदंरभाई शासुन जैन महाविद्यालय चैन्नई से साप्ताहिक ऑनलाइन संकायवर्धन कार्यक्रम में साहित्य में विविध विमर्श में भाग लिया जिसका आयोजन 23 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2021 को हुआ था।

## महाविद्यालय में वार्षिक व्यय का ब्योरा

भारत सरकार व हिमाचल सरकार से प्राप्त अनुदान लगभग (10 करोड़) की लागत से महाविद्यालय के भवन का निर्माण किया गया। जिसका 3 सितम्बर 2021 को माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश द्वारा उद्‌घाटन किया गया।

हिमाचल सरकार से प्राप्त अनुदान से 120 डबल डेस्क, 145 सिगल डेस्क, कान्फ्रेंस कक्ष के लिए डिजिटल उपकरण , केन्टीन के लिए 3 टेबल, 12 कुर्सिया खरीदी गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए लोहे के 10 बेंच पर 92000 की राशि खर्च की गई एवं 3 प्रिंटर खरीदे गए जिस पर 71500 की राशि खर्च की गई।

सूचना पट और 3 दरवाजो पर 14904 रूपये एवं डिजिटल उपकरण और स्मार्ट रूम बनाने के लिए 522976 रूपये खर्च किए गए।

हिमाचल सरकार से प्राप्त अनुदान से 3 कम्पयूटर के लिए 125000 की राशि का वहन किया गया।

लेक्चर थियेटर के लिए 32 ग्राउटिड बेंचो पर 304000 की राशि का भुगतान किया गया।

पुस्तकालय के लिए 7 टेबल खरीदने पर 95000 की राशि व्यय की गई।

पुस्तकालय के लिए 28 कुर्सियां खरीदने पर 87248 की राशि खर्च की गई।

अभिभावक शिक्षक संघ निधि से महाविद्यालय की केंटीन के लिए 04 टेबल खरीदे गए जिस पर 8000 की धनराभि खर्च की गई। इसके अतिरिक्त 13 कुर्सियों पर 6760 की राशि खर्च की गई।

अभिभावक शिक्षक संघ निधि से ही महाविद्यालय के पुस्तकालय के लिए 20 कुर्सियां खरीदी गई जिस पर 24000 की राशि खर्च की गई। इसके अतिरिक्त 4 एलयूमिनियम के दरवाजे का निर्माण

किया गया जिस पर 25000 की राशि खर्च की गई।

अभिभावक शिक्षक संघ निधि से ही महाविद्यालय के मुख्य द्वार का निर्माण किया गया इस पर 24000 की राशि खर्च की गई।

## अपेक्षाएं एवं आवश्यकताएं

हम 8 वर्ष की शैक्षणिक सफलता एवं उतरोतर विकास की और अग्रसर हो रहे हैं परन्तु महाविद्यालय की कुछ अपेक्षाएं एवं आवश्यकताएं भी है।

महाविद्यालय में स्वच्छ प्रशासन की प्रतिवद्धता निभाने और स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए शिक्षा विभाग व हिमाचल सरकार से हमारी कुछ अपेक्षाएं हैं।

हमारे महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों की कमी हैं। हमें इन महत्वपूर्ण पुस्तको को खरीदने के लिए एक लाख रूपयों की आवश्यकता हैं।

महाविद्यालय में खेल मैदान की आवश्यकता है, ताकि खेलकूद और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा सके। इस मैदान में रिटेनिंग दीवार की भी आवश्यकता है जिसे लगाने हेतू धनराशि की आवश्यकता है ।

महाविद्यालय में प्रवेश द्वार की आवश्यकता है। इसके निर्माण के लिए उचित धन राशि का प्रबन्ध करने की जरूरत है।

महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाने हेतु बनी ड्रेस पुरानी हो चुकी है अतः नई ड्रेस बनाने के लिए धनराशि की आवश्यकता है।

महाविद्यालय में अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, संगीत (गायन) व गणित के पद सृजित करने की आवश्यकता है।

दूर के क्षेत्रो से आने वाले विद्यार्थियों के लिए बसों के प्रंबध की आवश्यकता है।